# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

www.avadhkaawaz.com www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–154 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शनिवार 4 सितम्बर 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## संक्षिप्त समाचार



कानपुर। पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यशैली से पहचान बनाये हुए कानपुर महानगर की शान जन सामना समाचारपत्र के स्वामी/सम्पादक श्याम सिंह पंवार को भारतीय प्रेस परिषद (पी सी आई) का सदस्य पुनः नामित होने पर भारतीय प्रेस परिषद के चेयरमैन माननीय चंद्रमौली प्रसाद ने दी शुभकामनाएं।

### योगी सरकार में बंद चीनी मिलों को चालू कराया गया

अवध की आवाज

लखनऊ। 4289 लाख टन इस सत्र में गन्ने की रिकॉर्ड पेराई हुई है। प्रदेश के पहले 20 लाख हेक्टेयर गन्ना की बोआई होती थी अब 28 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बुआई की जा रही है। यानी ध8 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। गन्ना मंत्री का बड़ा ऐलान योगी सरकार बढ़ाएगी गन्ना मूल्य के दाम सभी अधिकारियों स्तर पर बैठक हो चुकी है सभी किसान संगठनों के साथ बात करेंगे और जल्द ही इसका ऐलान किया जाएगा और गन्ना किसानों का मूल्य हर हाल में बढ़ाया जाएगा।

### योगीराज में अपराधियों पर सख्त पुलिस, 400 अपराधियों का सत्यापन किया

मेरठ। (वेब वार्ता)। अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर उनकी कमर तोड़ने के काम में उप्र पुलिस जुटी हुई है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चौधरी के निर्देश पर पुलिस ने शुक्रवार को लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में रहने वाले अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया गया इसमें 400 अपराधियों का सत्यापन करने में पुलिस को लगाया गया है। मेरठ पुलिस ने पिछले 10 सालों से अपराध कर रहे अपराधियों की सूची तैयारी की गई है इसमें लगभग 400 अपराधियों को शामिल किया गया है। वर्तमान में ये अपराधी क्या कर रहे हैं? इसका सत्यापन करने के लिए एसएसपी ने 40 पुलिस टीमों का गठन किया है।

### विवाहिता का पेड़ से लटकता मिला शव, हत्या की आशंका

कानपुर(वेब वार्ता)। साढ़ थाना क्षेत्र के महरौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव घर के बाहर पेड़ से लटका हुआ मिला। शव मिलने पर पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं मृतक महिला के मायके पक्ष के परिजनों ने ससुराल पक्ष परिवार के चार लोगों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप भी लगाया है। जानकारी के अनुसार विमला देवी साढ़ थाना क्षेत्र के महरौली गांव की रहने वाली है। ग्रामीणों व महिला के परिजनों के अनुसार विमला के पति सुबोध का गांव की एक महिला के साथ अवैध संबंध थे।

## पं. दीनदयाल जयंती पर गरीब कल्याण मेला लगाएगी योगी सरकार

### प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आज से ही आगरा और फिरोजाबाद जिले में करेंगे कैम्प

लखनऊ (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गरीबों तक पहुंचेगी। सरकार ने ऐलान किया है कि आगामी 25 सितम्बर को उपाध्याय की जयंती के अवसर पर



प्रदेश में 'गरीब कल्याण मेला' आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा टीम–9 की बैठक में की है। इसके साथ ही सीएम योगी ने वायरल बुखार के प्रकोप से जूझ रहे जिलों में व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त करने को कहा है। उन्होंने प्रमुख सचिव चिकित्सा को आज से ही आगरा और फिरोजाबाद जिले में कैंप करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां टीम– 9 की बैठक के दौरान कहा कि यह मेला सभी 826 विकास खंडों पर वृहद स्तर आयोजन किया जाएगा। मेले में कृत्रिम अंग वितरण, विभिन्न पेंशन, आवास और स्वरोजगार योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को योजना से जोड़ा जाएगा। इसके साथ–साथ आरोग्य मेले का भी आयोजन होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बैंकों से समन्वय स्थापित कर विशेष ऋण शिविर लगाए जाएं। इस संबंध में सभी संबंधित विभाग तैयारी पूरी कर लें। सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के मौसम में जलजमाव और मौसम के प्रकोप से बढ़ रहीं बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले के एक–एक मरीज की सेहत पर नजर रखी जाए। नियमित अंतराल पर परिजनों को बीमार के सेहत की अपडेट दी जाए। कोविड के लिए आरक्षित ऑक्सीजन को सुविधा वाले आइसोलेशन बेड को डेंगू सहित अन्य वायरल बीमारियों के इलाज के लिए उपलब्ध रखें। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आज से ही आगरा और फिरोजाबाद जिले में कैंप करें। एक–एक मरीज के उपचार की व्यवस्था की पड़ताल करें, व्यवस्था सुधार के लिए अविलंब सभी जरूरी कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाढ़ व अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों के राहत और पुनर्वास का काम तेज किया जाए। मैरुंड गांवों में बड़ी नावों का उपयोग करें। ताजा स्थिति के मुताबिक रोहिन नदी को छोड़ शेष सभी नदियों में जलस्तर स्थिर है। प्रभावित लोगों की जरूरतों व समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ तत्काल निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। गिट्टी मोरंग बालू का अवैध धंधा करने वालों पर सरकार नकेल कसने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीमेंट, मोरंग, गिट्टी, बालू आदि भवन निर्माण सामग्रियों के मूल्य में अनापेक्षित बढ़ोतरी की जानकारी मिली है। खनन विभाग द्वारा तत्काल निरीक्षण कर मूल्य बढ़ोतरी पर नियंत्रण किया जाए। अनावश्यक भंडारण करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई भी करें। शेष पेज 3 पर




## आईपीएस अधिकारी बनकर मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स से करोड़ों रूपये के स्वर्ण आभूषणों की ठगी

अवध की आवाज

लखनऊ। एसटीएफ उ0प्र0 को विगत कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि कुछ लोगों द्वारा सर्राफा व्यवसायियों से छोटे–छोटे लेनदेन कर व्यवहार स्थापित कर बाद में उनसे बड़े पैमाने पर लेनदेन करके फर्जी चेक देकर फरार हो जाते है, जिसके सम्बंध में थाना महानगर लखनऊ पर अभियोग भी पंजीकृत है। इस सम्बन्ध में एसटीएफ उ0प्र0 की विभिन्न टीमों/फील्ड इकाईयों को अभिसूचना संकलन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री विशाल विक्रम सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, लखनऊ के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। अभिसूचना संकलन के दौरान आज दिनांक 03–09–2021 को विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि महाराष्ट्र कैडर का आईपीएस अधिकारी बनकर मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स से स्वर्ण आभूषणों की ठगी करने वाला व्यक्ति मुम्बई भागने के प्रयास में है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक श्री शिवनेत्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 मनोज सिंह, मु0आ0 सुधीर सिंह, आरक्षी रमेश उपाध्याय, आरक्षी अमित, सत्यप्रकाश वर्मा तथा श्री प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना महानगर लखनऊ मय हमराही पुलिस बल की संयुक्त टीम ज्ञात स्थान पर पहुँचकर वांछित अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वर्ष–2003 में इसकी माता जी अपने सहेली के साथ मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स अमीनाबाद, लखनऊ पर स्वर्ण आभूषण खरीद ने जाया करती थीं, धीरे–धीरे इन लोगों का आपस में अच्छे सम्बन्ध स्थापित हो गये। इसके बाद वर्ष–2005 में यह भी मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स की दुकान पर आने जाने लगा। इसके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत थे तथा सीतापुर से वर्ष–2014 में रिटायर हुए हैं, कुछ समय बाद यह अपने आप को महाराष्ट्र कैडर का आईपीएस अधिकारी बताने लगा। जिनके कारण मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स गोल मार्केट, महानगर लखनऊ के मालिक नितेश रस्तोगी से इसके भी प्रगाढ़ सम्बन्ध हो गये। जिसके कारण इसके द्वारा वर्ष 2020 के माह जुलाई में रू0 67 लाख एवं माह दिसम्बर में रू0 1.95 करोड़ के स्वर्ण आभूषण खरीदा गया। जिसके एवज में मोहन श्याम कल्याणदास ज्वेलर्स गोल मार्केट महानगर को दिसम्बर 2020 में सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया के 07 अलग–अलग धनराशियों के पोस्ट डेटेड चेक (3 करोड़ 17 लाख रूपये के) दिया गया। परन्तु ज्वेलर्स को कोई न कोई बहाना बताकर बैंक में भुगतान हेतु चेक लगाने के लिए मना करता रहा जिसके कारण सभी चेक टाईम बार्ड हो गयी ज्वेलर्स द्वारा कई बार फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो इसके द्वारा कोई न कोई बहाना बना दिया जाता था तथा इसके द्वारा अपने को आईपीएस अधिकारी होने का रौब दिखाते हुए ज्वेलरी वापस करने एवं पैसा देने से मना कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व से जनपद लखनऊ के थाना महानगर मेंअभियोग पंजीकृत है, जिसमें इनको दाखिल किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने किया पारिजात अपार्टमेंट का निरीक्षण

– अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित



पारिजात अपार्टमेंट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ यहां के निवासियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना बल्कि खुद फ्लैटों, बेसमेंट पार्किंग और कॉमन एरिया का मुआयना करके स्थिति का जायजा भी लिया। उन्होंने इंजीनियरों को सभी कार्य समयबद्ध तरीके से निस्तारित कराने के निर्देश दिए। वहीं, उपाध्यक्ष द्वारा अपार्टमेंट में शुरू कराए गए विकास कार्यों से उत्साहित रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने उन्हें सम्मानित किया। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने आवंटियों को बताया कि अपार्टमेंट में खुले पड़े डक्ट एरिया को बंद कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके अलावा अपार्टमेंट के वाह्य विकास कार्य और फ्लैटों के अंदर के कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित करके कार्य पूरा कराया जाएगा। इसमें एस्टीमेट तैयार करके निविदा आमंत्रित करने की कार्रवाई 20 दिन के अंदर करा ली जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन फ्लैटों में कब्जा दिया जाना है, उनमें शेष कार्य तुरंत पूरे करा लिए जाएं। इसके अलावा अपार्टमेंट के कॉमन एरिया में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था की जाए। इस बीच आरडब्ल्यूए ने पार्किंग आवंटन का मुद्दा उठाया तो उपाध्यक्ष ने घोषणा की कि पार्किंग आवंटन की कार्रवाई यहां के अध्यासियों की मांग और सहूलियत के अनुसार की जाएगी। इस पर अपार्टमेंट के लोगों ने उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी का आभार व्यक्त किया। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद उपाध्यक्ष ने खुद पूरे परिसर का निरीक्षण करके हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बेसमेंट पार्किंग, वेस्ट कलेक्शन प्वाइंट, फ्लैट्स, पोर्टिको, कॉमन एरिया का हाल देखा और अधिकारियों को सारे बिन्दु नोट कराकर इन्हें जल्द निस्तारित कराने के निर्देश दिए। आरडब्ल्यूए ने उपाध्यक्ष के समक्ष अपार्टमेंट में एक और वैकल्पिक/इमरजेंसी गेट बनवाने की भी मांग रखी। इस पर उपाध्यक्ष ने बस अड्डे से सटी अपार्टमेंट की बाउंड्री वॉल की तरफ के हिस्से का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से इसकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में लखनऊ स्मार्ट सिटी की 14वीं बोर्ड बैठक

अवध की आवाज

लखनऊ। मंडलायुक्त श्री रंजन कुमार की अध्यक्षता में लखनऊ स्मार्ट सिटी की 14वीं बोर्ड बैठक स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार, लालबाग में संपन्न हुई बैठक में नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी पूर्वी श्री के0पी0 सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री अमित कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मंडलायुक्त द्वारा परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई लखनऊ नगर क्षेत्र में भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में पार्किंग की सुविधा पर जोर देते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये, मण्डलायुक्त ने कहा कि लखनऊ नगर क्षेत्र में आने वाले युवाओं के लिए कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) करा के हर वर्ष 15 हजार युवाओं को रोजगार दिया जायेगा लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा लखनऊ नगर में विभिन्न स्थल चिन्हित करते हुए एलईडी डिस्प्ले बोर्ड कराए जाने के निर्देश दिए तथा लखनऊ नगर के हास्पिटल, मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, इलेक्ट्रीसिटी को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तथा मोबाइल ऐप द्वारा ई–रिक्सा का प्रयोग किया जायें तथा जिससे यात्रियों को सफर करने में कोई असुविधा न रहें तथा इनके पार्किंग स्थान को चिन्हित कर उन्हें उपयोगी और सुविधाजनक प्लान बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये तथा फ्री वाई–फाई सेवा के लिए स्थान चिन्हित कर जल्द से जल्द निःशुल्क वाई–फाई सेवा प्रदान की जाये जिससे



विद्यार्थी पढ़ाई के लिए अधिक से अधिक लाभ उठा सके। मंडलायुक्त ने सख्त रूख अपनाते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपनी जिम्मेदारी समझे और गम्भीरता पूर्वक काम करें और ससमय कार्यों को पूर्ण करायें अन्यथा किसी प्रकार लापरवाही कदापि क्षम्य नहीं है। मण्डलायुक्त ने कहा कि साथ ही कार्यदायी संस्था को बोर्ड के समक्ष प्रजेंटेशन देना होगा उसके बाद बोर्ड ऐसे प्रोजेक्ट की उपयोगिता के आधार पर विचार–विमर्श करके यदि सहमति देता है तो ही उस प्रोजेक्ट पर कार्य होगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के सभी कार्यों में प्रोटोकाल का श–प्रतिशत पालन किया जायें।

## कोरोना माहमारी के संकट में जनता की सेवा करने वाले नगर निगम कर्मियों को महापौर ने किया सम्मानित

अवध की आवाज

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा वैश्विक महामारी



कोविड–19 के संक्रमण काल में शहर की जनता को उत्कृष्ट सेवायें निरन्तर उपलब्ध करायी गयी है। यह कार्य नगर निगम लखनऊ में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों की सहायता से सम्भव हो सका जिनके द्वारा विशेष रूप से संक्रमित क्षेत्र/कन्टेनमेंट जोन में सफाई व्यवस्था, सैनीटाइजेशन, बैरिकेडिंग का कार्य युद्धस्तर पर किया गया। इस दौरान कोविड से हुई मृत्यु के पश्चात बैकुंठधाम (भैसाकुंड) व गुलालाघाट में शवदाह के कार्यों को विपरीत परिस्थितियों में पूर्ण किया गया। इसके अतिरिक्त कम्युनिटी किचेन के माध्यम से जरूरतमदों को भोजन वितरण का उल्लेखनीय कार्य भी नगर निगम लखनऊ द्वारा किया गया। उक्त कार्य में संलग्न रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आज दिनांक 03 सितम्बर, 2021 को प्रथम चरण में नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हाल में एक समारोह मा. महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी ने आयोजित कर सेवारत कर्मचारियों को अंगवस्त्र, प्रशस्ती पत्र एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि नगर निगम कर्मियों की मेहनत से आज निगम की दिशा और दशा दोनों में ही अभूतपूर्व सुधार हुआ है, कोरोना काल मे नगर निगम कर्मियों ने अपने कार्य से जनता में मध्य सम्मान का स्थान प्राप्त किया जिसकी प्रशंसा आज लखनऊ के हर व्यक्ति कर रहा है। महापौर संयुक्ता भाटिया ने आगे कहा कि हमारे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए पीड़ित बंधुओं की जो सेवा की है वह शब्दों में वर्णन करना कठिन है, इसे अंतः करण से ही समझा जा सकता है। हम केवल वेतन भोगी नहीं, कर्तव्यनिष्ठा से प्रतिबद्ध है। नगर निगम परिवार का यह नया परिचय सारे समाज के लिए



बहुत ही प्रेरक रहा है। इस सेवा में जहां जैसी आवश्यकता थी, वहां वैसी सेवा की। इसमें कोई भेदभाव नहीं किया। महापौर ने याद करते हुए बताया कि ऐसे कठिन समय में समस्त सफाई कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए लखनऊ की जनता से आवाहन किया था वह एक दिन सब मिलकर सम्मान दिवस मनाए, समस्त लखनऊ की जनता ने मेरे आहवाहन को स्वीकार करते हुए हमारे समस्त स्वच्छता कर्मचारियों को जब वह प्रातः जब उनके द्वार पर कूड़ा उठाने के लिए, सफाई करने के लिए पहुंचे तो उनपर पुष्पवर्षा कर, आरती उतारकर उनका सम्मान किया था, उनका उत्साहवर्धन किया था उनके मनोबल को बढ़ाया, इसके लिए मैं लखनऊ की जनता का आभार प्रकट करती हूं। इस करुणा के कालखंड में हमारे लखनऊ नगर निगम परिवार का एक नया परिचय कर्तव्य, परिश्रम, साहस और सहयोग का एक साथ दर्शन हुआ है। शेष पेज 3 पर

## समीर अहसन रिजवी हुए अल्पसंख्यक मोर्चा सीतापुर के जिला अध्यक्ष मनोनीत

अवध की आवाज

सीतापुर। सीतापुर से माननीय अचिन मेहरोत्रा जिला अध्यक्ष भाजपा सीतापुर के नेतृत्व में समीर अहसन रिजव को प्रदेश नेतृत्व ने अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सीतापुर मनोनीत करने की घोषणा की। घोषणा होते ही अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ की सभी पदाधिकारियों ने समीर अहसन रिजवी के निवास पर उनका स्वागत किया और उनको बधाई। समीर अहसन रिजवी ने सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष भाजपा सीतापुर श्री अचिन मेहरोत्रा जी का मुंह मीठा करा कर धन्यवाद अदा किया। राज्यसभा सांसद माननीय हरिद्वार दुबे निरीक्षण भवन पीडब्ल्यूडी में उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र श्रीमती नीरज वर्मा/विधायक हरगांव माननीय सुरेश राही के आवास पर जाकर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा समीर अहसन रिजवी ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। समीर अहसन रिजवी अल्पसंख्यक समुदाय से एक बहुत ही ईमानदार मेहनती और कर्मठ कार्यकर्ता रहे हैं



पूर्व में इनके पास जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा का दायित्व रहा है उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय को भाजपा से जुड़ने का हमेशा कार्य किया। सीए एनआरसी जैसे मुद्दों पर उन्होंने काफी मेहनत करके अल्पसंख्यक समुदाय को भाजपा की योजनाओं के बारे में बताया है और एक बहुत ही भारी मात्रा में अल्पसंख्यक समुदाय को जनपद सीतापुर में भाजपा से जोड़ने का कार्य किया है। समीर हसन रिजवी ने निवर्तमान राष्ट्रीय मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा धनिदेशक उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निगम आदरणीय श्री शफाअत हुसैन जी का आभार व्यक्त किया। हाजी उस्मान क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जुनेद आलम जिला मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा सीतापुर मंडल अध्यक्ष शिबू भारी मात्रा में कार्यकर्ताओं ने समीर अहसन जी के आवास पर पहुंचकर उनको बधाई।

# सम्पादकीय

## धर्मनिरपेक्षता की टूटती धुरी

करोड़ों भारतीय आतुर थे कि हमारे देश के खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करें और अधिक से अधिक संख्या में पदक लेकर स्वदेश लौटें। अनेक भारतीय खिलाड़ियों ने दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित खेल स्पर्धा में पदक जीते, परंतु इस सफलता का उत्सव मनाने की बजाय कुछ लोग विजेताओं की जाति और धर्म का पता लगाने के प्रयासों में जुटे हुए थे। रपटों के अनुसार लवलीना बोरगोहेन और पीवी सिंधु द्वारा ओलंपिक खेलों में भारत का मस्तक ऊंचा करने के बाद इंटरनेट पर सबसे ज्यादा सर्च यह पता लगाने के लिए किए गए कि लवलीना का धर्म और सिंधु की जाति क्या है। भारत में सांप्रदायिक और जातिगत पहचानों के मजबूत होते जाने की प्रक्रिया के चलते यह आश्चर्यजनक नहीं था, बल्कि यह भारत में धार्मिक और जातिगत विभाजनों को और गहरा करने का सुबूत था। इस प्रक्रिया को हमारी वर्तमान सरकार जबरदस्त प्रोत्साहन दे रही है और शासन से जुड़े अत्यंत मामूली से लेकर अत्यंत गहन–गंभीर मुद्दों को सांप्रदायिक रंग देने का हरसंभव प्रयास कर रही है। संविधान के अनुसार भारत एक धर्मनिरपेक्ष प्रजातंत्र है, जिसमें राज्य का कोई आधिकारिक धर्म नहीं है। हम शुरुआत असम से करते हैं जो अपने पड़ोसी राज्य मिजोरम के साथ गंभीर विवाद में उलझा हुआ है। पूर्वोत्तर भारत और विशेषकर असम का सामाजिक–राजनीतिक ताना–बाना अत्यंत जटिल है। वहां के लोगों की अनेक पहचानें हैं– धार्मिक, नस्लीय व भाषायी। वहां बड़ी संख्या में प्रवासी रहते हैं और वहां के राज्यों की सीमाओं को अनेक बार मिटाया और नए सिरे से खींचा गया है। असम में पिछले कुछ वर्षों से राजनीतिक उथल–पुथल मची हुई है और वहां के लाखों नागरिक अनिश्चितता के माहौल में जी रहे हैं। उन्हें पता नहीं है कि कब उन्हें उनकी नागरिकता से वंचित कर दिया जाएगा। 'नागरिकों की राष्ट्रीय पंजी' (एनआरसी) का मुद्दा राजनीतिक है, जो बांग्लादेशी प्रवासियों के प्रति नफरत के भाव से प्रेरित है, परंतु दरअसल इसके निशाने पर हैं बांग्ला–भाषी हिंदू और मुसलमान। इसने असम के समाज को विभाजित और अस्थिर कर दिया है। इस संदर्भ में असम के मुख्यमंत्री का यह आरोप उनकी ही पोल खोलने वाला है कि दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद के पीछे धार्मिक पहचानें हैं। उन्होंने कहा कि असम द्वारा पूरे क्षेत्र में बीफ का प्रदाय रोकने के प्रयासों के कारण ईसाई–बहुल मिजोरम में गुस्सा है। यह आरोप झूठा है क्योंकि दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद का लंबा इतिहास है। इस विवाद में पांच लोगों ने अपनी जान गंवाई है और पूरे उत्तरपूर्व में अशांति फैलने का खतरा पैदा कर दिया है। असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद की शुरुआत असम के लुशाई हिल्स क्षेत्र को एक अलग राज्य मिजोरम का दर्जा देने से हुई। इस विवाद के पीछे 1875 की एक अधिसूचना, जिसके अंतर्गत लुशाई हिल्स और कछार के मैदानी इलाकों का पृथक्करण किया गया और 1933 की जारी एक अन्य अधिसूचना जिसमें लुशाई हिल्स और मणिपुर के बीच सीमा का निर्धारण किया गया। मिजोरम का मानना है कि सीमा निर्धारण का आधार 1875 की अधिसूचना होनी चाहिए, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) एक्ट 1873 से उद्भूत थी। इस एक्ट के निर्माण के पहले मिजो लोगों से विचार–विनिमय किया गया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से यह उम्मीद की जा रही थी कि वे एक परिपक्व राजनेता की तरह इस बहुत पुराने और जटिल विवाद का हल निकालेंगे। उसकी जगह उन्होंने विवाद के लिए पूरी तरह से मिजोरम को दोषी ठहराते हुए उसे असम से मिजोरम में गायों के परिवहन से जोड़ दिया। असम ने हाल में एक कानून पारित कर राज्य में गायों के वध को प्रतिबंधित कर दिया है। सरमा ने यह संदेश देने की कोशिश की कि यह विवाद इसलिए शुरू हुआ क्योंकि ईसाई–बहुल मिजोरम को यह भय था कि इस कानून से राज्य में बीफ की कमी हो जाएगी। उन्होंने एक विशुद्ध राजनीतिक विवाद को सांप्रदायिक रंग दे दिया। जाहिर है कि इससे विवाद का कोई कारगर हल निकलने की संभावना कम ही हुई। असम का नया कानून सांप्रदायिक सोच पर आधारित है। सरमा गौमांस पर राजनीति करना चाहते हैं। उन्हें यह अहसास है कि इस मुद्दे को लेकर भावनाएं भड़काना आसान होगा, विशेषकर भीड़ द्वारा लिंचिंग की कई घटनाओं के मद्देनजर। सरमा द्वारा प्रस्तावित असम कैटल प्रिजर्वेशन बिल 2021 राज्य के उन सभी इलाकों में बीफ और बीफ उत्पादों की खरीदी–बिक्री को प्रतिबंधित करता है जहां मुख्यतः हिंदू, जैन, सिक्ख और ऐसे अन्य समुदाय रहते हैं जो बीफ का सेवन नहीं करते और जो किसी भी मंदिर या सत्र (वैष्णव मठ) से पांच किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। यह विधेयक असम के रास्ते दूसरे राज्यों में मवेशियों के परिवहन पर भी रोक लगाता है। यह असम के समाज को बीफ खाने वालों और न खाने वालों में बांटने की कवायद है। इस कानून से पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में बीफ का प्रदाय गंभीर रूप से प्रभावित होगा क्योंकि असम ही उत्तरपूर्व के राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। इन राज्यों में बीफ खाने वाले लोगों की खासी आबादी है। यह कानून इस क्षेत्र की संस्कृति में दखल है और खानपान की स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला है। इसके जरिए बीफ के मुद्दे पर पूर्वोत्तर के समाज का ध्रुवीकरण करने और बीफ के सेवन को सांप्रदायिक पहचान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य की सरकार द्वारा सांप्रदायिकता की आग को सुलगाए रखने के प्रयासों का यह एकमात्र उदाहरण नहीं है। राज्य द्वारा दो बच्चों की नीति को लागू करने के लिए बनाए गए कानून का बचाव करते हुए सरमा ने मुसलमानों को सीधे निशाना बनाया। इस कानून के अंतर्गत छोटे परिवार वालों को शासकीय नौकरियों और पदोन्नति में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा दो से अधिक संतानों वाले लोग पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। सरमा ने कहा, 'अगर प्रवासी मुस्लिम समुदाय परिवार नियोजन अपना ले तो हम असम की कई सामाजिक समस्याओं को हल कर सकते हैं।' सरमा ने मुसलमानों से यह अपील तब की जब राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) और जनगणना के आंकड़ों से यह पता चला है कि राज्य में मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 1991–2001 में 1.77 प्रतिशत से घटकर 2001–2011 में 1.57 प्रतिशत रह गई है। क्या सरमा की अपील का यह अर्थ नहीं है कि राज्य की सामाजिक समस्याओं के लिए मुसलमान जिम्मेदार हैं? यह विडंबना ही है कि इस तरह के गंभीर आरोप लगाते समय सरमा ने किन्हीं भी तथ्यों या आंकड़ों का हवाला नहीं दिया। सरमा ने जनसंख्या वृद्धि को एक समुदाय से जोड़कर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को और गहरा करने का प्रयास किया। कमजोर समुदायों को निशाना बनाने और हर मुद्दे को धर्म के चश्मे से देखने का यह सिलसिला असम तक सीमित नहीं है। यह पूरे देश में हो रहा है। भारत के स्वाधीनता संग्राम से जिस साझा राष्ट्रवाद का उदय हुआ था वह समावेशिता और प्रजातंत्र पर आधारित था। भारत के संविधान निर्माताओं ने यह तय किया था कि भारत का न तो कोई राज धर्म होगा और न ही राज्य के नीति निर्धारण में धर्म की कोई भूमिका होगी। वर्तमान सत्ताधारी दल इस्लाम के प्रति डर का माहौल पैदा कर रहा है। यह कहा जा रहा है कि मुसलमान इस देश के लिए खतरा हैं और इस खतरे से निपटने के लिए कानून बनाया जाना आवश्यक है। ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं जो अल्पसंख्यकों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाते हैं। देश के विकास में उनके योगदान को नकारा जा रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता श्रेणी आए गरीब लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंप कर सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोण्डा। नगर पंचायत सभागार में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में आये गरीब लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंप कर सरकारी योजनाओं से सम्बधित जानकारी दी गयी। गुरुवार को नगर पंचायत मनकापुर के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में आए गरीब व जरूरतमंद लाभार्थियों को आवास योजना से लाभवान्वित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। और उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। नगर पंचायत सभागार में मोहल्ला गांधी नगर निवासी अतुल पुत्र देवीदीन, रंगीलाल, राजाराम मोरिया समेत आधे दर्जन गरीब जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाण पत्र मिलते ही गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मनकापुर प्रदीप कुमार गुप्ता, मोहल्ला गांधी नगर सभासद राजेश कुमार मौर्य ,मोहल्ला शास्त्री नगर सभासद वैभव सिंह ,मोहल्ला सुभाष नगर सभासद प्रतिनिधि बबलू सोनी , सौरभ सिंह, राजू सिंह, विष्णु देव, नितिन जयसवाल, अशोक सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



# पानी के तेज बहाव से संपर्क मार्ग कटा लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। बीते दिनों हुई भारी बरसात व सरयू नहर का पानी विशुही नदी में छोड़े जाने से मनवर सहित विशुही नदी उफान पर है जिसके चलते इटियाथोक विकासखंड के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। जलभराव की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। पुल, पुलिया क्षतिग्रस्त होने के साथ संपर्क मार्गों का कटान होने से गांव का एक दूसरे से संपर्क टूट गया है। नरौराभर्रापुर व नारी महरीपुर सहित क्षेत्र के अन्य गांव को जोड़ने वाली सड़क 10 फुट के करीब पानी के तेज बहाव में बह गई है जिससे ग्रामीणों का गांव से संपर्क कट गया है लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर दूर से होकर आना जाना पड़ता है वही मजबूरी में कुछ लोग गहरी खाई में तब्दील हो चुकी सड़क पर पानी के तेज बहाव के बीच अपने वाहन को पीछे से धक्का दे कर इस पार से उस पार निकालते हैं और फिर अपना सफर पूरा करते हैं सबसे ज्यादा समस्या क्षेत्र के शिक्षकों, मवेशी पालको व दूग्ध व्यवसायियों को आवागमन के दौरान हो रही है 1 सप्ताह बाद भी मनवर व विशुही से ग्रामीणों को लाने ले जाने के लिए व्यवस्था कराये जाने की मांग की है उन्होंने बताया कुछ दिन पूर्व हुई बरसात में सड़क कटी थी जिस पर रोड़ा डलवा कर लोगों का





नदी के जलस्तर में कमी नहीं आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या के निराकरण को लेकर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया। जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नारे महरीपुर के प्रधान प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन आवागमन शुरू कराया गया था वही पुनः बरसात होने के बाद सड़क दोबारा बहनें व मार्ग पर पानी का तेज बहाव होने से लोगों को आवागमन में भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ी है।वही जिम्मेदार अंजान हुए हैं क्षेत्रीय लोगों की इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 07 सितम्बर, 2021 से 16 सितम्बर, 2021 तक चलने वाले विशेष हाउस टू हाउस अभियान की जिला टास्क फोर्स की, जिलाधिकारी सभागार में की गई बैठक

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। दिनांक 02 सिंतबर 2021 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 07 सितम्बर, 2021 से 16 सितम्बर, 2021 तक चलने वाले विशेष हाउस टू हाउस



अभियान की जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी सभागार में की गई । इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर बुखार के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूचीबद्ध करना, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान कर सूचीबद्ध करना तथा वेक्टर जनित रोगों के संभावित व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध करने का कार्य करेंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि हाउस तो हाउस अभियान में लगी सभी टीमो को ब्लॉक पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया जाये ।आशा व आंगनवाडी की टीम समय से पहले बना ले ।समय से माइक्रोप्लान बनाकर सभी सहयोगी विभागों को भी शेयर कर दिया जाए । बाढ़ वाले क्षेत्रो में अभियान पर विशेष जोर दिया जाए । जिले या ब्लॉक पर रैपिड रेस्पॉन्स टीम को तैयार रखा जाए जिससे सूचना प्राप्त होते ही उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर डॉ मधु गैरोला ने बताया कि बुखार से पीड़ित व्यक्तियों, कोविड तथा क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों तथा 45 साल से अधिक आयु के जिन लोगों ने कोविड की पहली खुराक नहीं ली उनकी पहचान करने और सूची बनाने के लिए सात सितम्बर से 16 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस बारे में शासन से निर्देश प्राप्त हो चुका है।

एसएमओ डा. अपूर्वा चौहान ने बताया– नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों की सूची बनायी जाएगी और उनका टीकाकरण किया जायेगा। लोगों को इस बात के लिए जागरूक करना है कि अपना कोविड टीकाकरण अवश्य करायें और टीकाकरण करवाने के बाद भी कोरोना से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। पल्स पोलियो की तर्ज पर जिले के सभी आवासों का गृह भ्रमण कर सूची तैयार की जाएगी। अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दो सदस्यीय टीम बनायीं जाएगी जो घर – घर जाकर लोगों की सूचना एक निर्धारित प्रारूप में भरेंगी। टीम के सदस्यों को दो रियूजेबल मास्क ,सेनिटाइजर, पल्स ऑक्सीमीटर और इन्फ्रारेड थर्मामीटर दिए जायेंगे। टीम के द्वारा पल्स पोलियो की तर्ज पर हर घर की दीवार पर भ्रमण का अंकन किया जायेगा। सर्वे के पूरा होने के बाद हर घर पर जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार स्टीकर लगाया जायेगा। सर्वे के दौरान यदि टीम को सीवियर एक्यूट रेस्पिरेट्री इन्फेक्शन ( सारी ) का कोई रोगी मिलता है तो उसकी पल्स ऑक्सीमीटर से तुरंत जांच करने के बाद इसकी सूचना तत्काल प्रभारी चिकित्साधिकारी या जोनल अधिकारी को दी जाएगी। ऐसे रोगियों को तत्काल डेडिकेटेड कोविड क्वेरेंटाईन इकाई में भेजा जाएगा। जिला टास्क फोर्स की बैठक में अपर जिलाधिकारी विनय पाठक ,जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पांडेय ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के सिंह ,डॉ सुरेंदर सिंह , डॉ उदय प्रताप,, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी के सिंह ,डॉ कुंज बिहारी ,जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राज कुमार ,जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर सहित सभी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ,यूनिसेफ व पाथ संस्था के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया गया ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,सीतापुर।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दिनांक 03.09.2021 को पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव द्वारा पुलिस लाइन उन्नाव में परेड निरीक्षण उपरान्त नव निर्मित भवनों,सब्सडियरी कैन्टीन,भोजनालय तथा बैरिकों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# (किसान पाठशाला) के आयोजन के लिए मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का आयोजन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सूचना विभाग) उप कृषि निदेशक मुकुल तिवारी ने बताया आज जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित एन. आई. सी में द मिलेनियम फारमर्स स्कूल (किसान पाठशाला) के आयोजन के लिए मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का आयोजन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। प्रशिक्षण में उप कृषि निदेशक उन्नाव डा. मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी श्री कुलदीप मिश्रा, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी श्री विकास किशोर एवं जनपद के सभी विकास खण्डों के राजकीय कृषि बीज भण्डार के प्रभारियों ने भाग लिया. प्रशिक्षण में बताया गया कि किसान पाठशाला दो दिवसीय होगी. प्रशिक्षण में बताया गया कि पहले दिन कोरोना काल में कृषि कार्य में में सावधानियां, खरीफ फसल प्रबंधन, उर्वरक एवं जल प्रबंधन, पोस्ट हार्वेस्ट पराली प्रबंधन, खरीफ फसल कीट रोग प्रबंधन, कीट रोग नियन्त्रण, एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन, विभिन्न योजनाओं में कृषकों को देय सुविधाएं, कृषकों की आय में वृद्धि के उपाय, तथा दूसरे दिन कृषकों उत्पादउत्पादक संगठन, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती,जीरो बजट खेती, यौगिक खेती, स्वतरूजैविक खेती, जैविक खेती के सिद्धांत, उत्पादन विधियाँ, प्रमाणीकरण , जैविक उत्पाद विपरण, मूल्य संम्वर्ध, सफाई, छटाई, वर्गीकरण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, मार्केटिंग, मूल्य संम्वर्ध हेतु आवश्यक मशीनरी, मूल्य, उपलब्धता हेतु सम्बन्धित उत्पादक एवं विक्रेता का विवरण, योजनाओं का विवरणविवरण जिनसे इन मशीनों पर अनुदान मिल सकता हो तथा भूमि एवं जल संरक्षण आदि की जानकारी दी किसानों को दी जायेगी।

# कसावल के आंगनवाड़ी केंद्र पर धूमधाम से हुआ राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। विकासखंड रमियाबेहड़ के ग्राम पंचायत कसावल के आंगनबाड़ी केंद्र पर एक सितंबर बुधवार को राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश वर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री अनिल वर्मा ने राष्ट्रीय पोषण माह के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2018 से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह राष्ट्रीय पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें पहले सप्ताह सभी सरकारी स्कूलों, आवासीय स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों अथवा ग्राम पंचायतों में खाली पड़ी भूमि पर पोषण वाटिका की स्थापना होती है। दूसरे सप्ताह में किशोरी व गर्भवती महिलाओं को केंद्रित करते हुए योगा सत्रो एवं आयुष कार्यक्रम का आयोजन होता है। तीसरे सप्ताह में पोषण संबंधी प्रचार प्रसार एवं अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण किया जाता है। तथा चौथे सप्ताह में सैम/मैम बच्चों का चिन्हांकन एवं उनका प्रबंधन आदि कार्यक्रम शामिल है। सीडीपीओ श्री वर्मा ने बताया कि माह सितंबर में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर यह कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सदस्य जिला पंचायत श्री राकेश वर्मा ने भी उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्रामीणों को आवश्यक सुझाव दिए। तथा कार्यक्रम के समापन पर आंगनबाड़ी केंद्र के परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर ढखेरवा व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष श्री अटल मनार, ग्राम प्रधान शांती देवी, पूर्व प्रधान शिवपूजन लाल मौर्य, प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार यादव सहायक अध्यापक विशाल के साथ ही अजिंदर कौर, रूबी, सुनीता देवी, रेखा देवी, सुमन मौर्या, संगीता तथा मंजू लता आदि आंगनवाड़ी वर्कर के अलावा बड़ी तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।



# स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के लिए की मांग

## अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी/हरदोई। गोपामऊ चुंगी पर स्वामी विवेकानंद महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद महाराज जी को अपना प्रेरणास्रोत मानती है। नगर मंत्री अर्पण शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्र निष्ठा अनुशासित आदर्श छात्र संगठन है। जो कि समाज में राष्ट्र के लिए संरचनात्मक कार्यकर्ताओं के माध्यम से समाज



परिषद के कार्यकर्ताओं ने कस्बे के गोपामऊ चुंगी पर स्वामी विवेकानंद महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है और ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी को प्रेरित करने का काम करता है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनुराग शुक्ला नगर मंत्री अर्पण शर्मा निखिल राठोर आर्यन गुप्ता अनुज मिश्रा मनीष सविता सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दिनांक 03.09.2021 को उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वाधान एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के निर्देशानुसार पुलिस लाइन उन्नाव में पुलिसकर्मियों हेतु आशा सुपर स्पेशियलटी हॉस्पिटल दरोगाखेड़ा सिविल लाइन उन्नाव द्वारा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। मेडिकल कैम्प में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, महिलाओं से संबन्धित बीमारियों आदि का चेकअप किया गया तथा मेडिकल टीम द्वारा उचित डाईट एवं अन्य आवश्यक जानकारी पुलिसकर्मियों को दी गई

# चालक संघ सिंचाई विभाग पॉच सूत्री मांगों के लिए दिया आन्दोलन का नोटिस

## सरकार एक और मानदेय अलग और टैक्सी प्रथा पर नाराजगी

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ,। राजकीय वाहन चालक संध सिंचाई विभाग ने पॉच सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए विभागाध्यक्ष को 15 सितम्बर तक का समय दिया है। संघ की तरफ से जायज मांगों की प्रतिपूर्ति न होने, एक सरकार में ठेका वाहन चालकों को दूसरे की विभाग के सापेक्ष आधा मानदेय दिये जाने और विभाग में तीस सौ अधिक टैक्सी का उपयोग किये जाने पर खासी नाराजगी जाहिर करते हुए मांगों की प्रतिपूर्ति न होने पर 16 से वर्कटूरूल और इसके उपरान्त हड़ताल का नोटिस दिया गया है। यह जानकारी महामंत्री ओरीलाल ने दी। संघ के अध्यक्ष शकील अहमद ने बताया कि विभाग में पिछले दस वर्षो से लगभग 50 प्रतिशत वाहन चालक के पद रिक्त है। इन पदों पर लम्बे समय से भर्ती की मांग की जा रही है। विभाग में प्रतिवर्ष नए वाहन खरीदने के लिए डेढ़ करोड़ की धनराशि आवंटित होती है लेकिन टैक्सी प्रथा के बढ़ावा देने की गरज से नए वाहन क्रय नही किये जा रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकाधिक ऐसी ठेका गाड़ियों का अधिकारी प्रयोग कर रहे है जिनका टैक्सी में रजिस्टेशन तक नही है। विभाग के अधिष्ठान 12 द्वारा लम्बे समय से वाहन चालकों को वरिष्ठता सूची जारी नही की जा रही है। यही नही प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में ठेका चालकों को 16500 रूपये प्रतिमाह और सिंचाई विभाग में 8000 रूपये मासिक देकर सिंचाई विभाग के ठेका वाहनर चालकों को खुला आर्थिक शोषण किया जा रहा है। विभागीय ढ़ाचे को सुनियोजित तरीके से षड़यंत्र कर टैक्सी प्रथा को नियम विरूद्व बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर प्रेषित पॉच सूत्रीय मॉग पत्र पर कार्रवाई नही की जाती तो नियमानुसार वर्कटूरूल और फिर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

# विशेष अभियान में बनेगी बुखार से पीड़ित, कोविड व टीबी के लक्षण वालों की सूची

## कोविड टीकाकरण से वंचित लोगों व नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों की भी तैयार होगी लिस्ट

अवध की आवाज ब्यूरो

रायबरेली। बुखार से पीड़ित व्यक्तियों, कोविड तथा क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों तथा 45 साल से अधिक आयु के जिन लोगों ने कोविड की पहली खुराक नहीं ली उनकी पहचान करने और सूची बनाने के लिए सात सितम्बर से 16 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा . वीरेंद्र सिंह ने बताया – इस बारे में शासन से निर्देश प्राप्त हो चुका है। जनपद में अब तक कुल 28,46,300 लोगों का कोविड टीकाकरण हुआ है जिसमें 20,81,077 लोगों को कोविड के टीके की पहली डोज और 7,65,223 लोगों को दूसरी डोज लगी है। जनपद में 45 साल से अधिक आयु के कुल 6,27,000 लोगों को टीका लगना है, जिनमे से अब तक कुल 2,19,176 लोगों को कोविड का टीका लग चुका है। इनमें 1,87,141 लोगों को टीके की पहली डोज और 32,035 लोगों को टीके की दूसरी डोज लगी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. खालिद रिजवान ने बताया– नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों की सूची बनायी जाएगी और उनका टीकाकरण किया जायेगा। लोगों को इस बात के लिए जागरूक करना है कि अपना कोविड टीकाकरण अवश्य करायें और टीकाकरण करवाने के बाद भी कोरोना से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। पल्स पोलियो की तर्ज पर जिले के सभी आवासों का गृह भ्रमण कर सूची तैयार की जाएगी। अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दो सदस्यीय टीम बनायीं जाएगी जो घर – घर जाकर लोगों की सूचना एक निर्धारित प्रारूप में भरेंगी।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी .एस. अस्थाना ने बताया– टीम के सदस्यों को दो रियूजेबल मास्क ,सेनिटाईजर, पल्स ऑक्सीमीटर और इन्फ्रारेड थर्मामीटर दिए जायेंगे। टीम के द्वारा पल्स पोलियो की तर्ज पर हर घर की दीवार पर भ्रमण का अंकन किया जायेगा। सर्वे के पूरा होने के बाद हर घर पर जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार स्टीकर लगाया जायेगा। सर्वे के दौरान यदि टीम को सीवियर एक्यूट रेस्पिरेट्री इन्फेक्शन ( सारी ) का कोई रोगी मिलता है तो उसकी पल्स ऑक्सीमीटर से तुरंत जांच करने के बाद इसकी सूचना तत्काई प्रभारी चिकित्साधिकारी या जोनल अधिकारी को दी जाएगी। ऐसे रोगियों को तत्काल डेडिकेटेड कोविड क्वेरेंटाईन इकाई में भेजा जाएगा।



अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। मिशन शक्ति फेस–3 के तहत पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिला बीट अधिकारियों एवं सहायतार्थ अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा ग्रामीण एवं स्थानीय महिलाओं / बालिकाओं में को मिशन शक्ति कक्षध्स्थानीय स्कूलध्मोहल्लो/ग्रामों में जाकर महिला सशक्तिकरण एवं महिला संबन्धी अपराधों से बचाव हेतु जारी हेल्पलाइन नम्बरों के विषय में जागरुक किया गया।

# अवधकेशरी सेना ने रामपुर टेंगरहा के पाडेपुरवा ग्रामसभा में करीब 700 ग्रामवासियों की चौपाल लगाकर एक एक लोगो की परेशानी सुनी

अवध की आवाज ब्यूरा

गोंडा। अवधकेशरी सेना ने रामपुर टेंगरहा के पांडेपुरवा ग्रामसभा में करीब 700 ग्रामवासियों की चौपाल लगाकर एक एक लोगो की परेशानी सुनी। वहां पर सबसे बड़ी समस्या रोड व अस्पताल की है ये दोनों सुविधा न होने की वजह से ये क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है।

बहुत से विधायक संसद आये वोट लेकर भूल गए इसीलिए अवधकेशरी सेना सरकार से ये मांग करती है कि रामपुर टेंगरहा शिवमन्दिर से लेकर फकीरन पुरवा तक करीब 3 किलोमीटर सड़क का निर्माण करवाये, व एक सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराए जिससे रामपुर टेंगरहा अकबरपुर गौहानी व जुझारिपुर की आम जनता को लाभ मिल सके। अवधकेशरी सेना के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वाले महिला व पुरुष पदाधिकारी इस प्रकार रहे, नीरज सिंह अवधकेशरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, नील ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष सिंह राष्ट्रीय संयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवपूजन सिंह प्रदेश प्रभारी, दीपक गोस्वामी, मोनू सिंह कौड़ियां आर्यनगर सोनू मिश्रा गौन्दोरा कैसरगंज, संजय गोस्वामी टेंगरहा, महिला मोर्चा से निधि मिश्रा, दिव्या सिंह प्रिया गुप्ता सविता मिश्रा, सीमा अवस्थी सुनीता मोदनवाल, नीलम पासवान, रामप्रकाश तिवारी जी समय कुमार शर्मा, भोला सिंह रमचेरापुर,अवधकेशरी सेना के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वाले महिला व पुरुष पदाधिकारी इस प्रकार रहे, नीरज सिंह अवधकेशरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, नील ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष सिंह राष्ट्रीय संयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवपूजन सिंह प्रदेश प्रभारी, दीपक गोस्वामी, मोनू सिंह कौड़ियां आर्यनगर सोनू मिश्रा गौन्दोरा कैसरगंज, महिला मोर्चा से निधि मिश्रा, दिव्या सिंह प्रिया गुप्ता सविता मिश्रा, सीमा अवस्थी सुनीता मोदनवाल, नीलम पासवान, रामप्रकाश तिवारी जी समय कुमार शर्मा, भोला सिंह रमचेरापुर, देवठाकुर छठ्ठी कुमार सचिन श्रीवास्तव, विपिन पांडे रमचेरापुर प्रवीण पांडे टिकरी अनिल सिंह खिरीडीह आदि अवधकेशरी सेना के सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।।

# वेतन कटौती को लेकर स्पाइसजेट के कर्मचारियों ने हड़ताल की, काम पर लौटे

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। स्पाइसजेट विमानन कंपनी के कर्मचारियों के एक वर्ग ने वेतन में कटौती के मुद्दे को लेकर दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह हड़ताल की और बाद में कंपनी के अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद वे काम पर लौट गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मसले के बारे में पूछे जाने पर स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर कंपनी की विमानन सेवा सुचारु रूप से चल रही है। प्रवक्ता ने कहा, 'दिल्ली हवाई अड्डे पर कार्यरत कर्मचारियों का एक वर्ग कुछ मुद्दों को लेकर असंतुष्ट था और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के बाद इसे सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा कि मसला सुलझा लिया गया है और कर्मचारी काम पर लौट आये हैं। सूत्रों ने बताया कि वेतन में कटौती को लेकर हड़ताल करने वाले कर्मचारियों की प्रबंधन से बात हुई है। कोविड–19 के कारण यात्रा पर प्रतिबंध के चलते स्पाइसजेट को वित्तीय घाटा उठाना पड़ रहा है, इसलिए कंपनी ने 2020 से अपने कर्मचारियों के वेतन में कटौती की है।

# विद्युत उप केंद्र मनकापुर में अधिकारियों का नहीं लाइनमैन का चलता है आदेश

अवध की आवाज, ब्यूरो

गोंडा। विद्युत केंद्र मनकापुर के लाइनमैन ओं का आज भी अधिकारियों से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में लहरा रहा है पंचम क्योंकि अधिकारियों के लाख कहने पर यह लाइनमैन और संविदा कर्मी लोग उनकी बातों का नहीं ले रहे संज्ञान में बताते चलें कि जैसा कि इस समय विद्युत उपभोक्ताओं से जिनका बिल बाकी है और नहीं दे पा रहे हैं उनका केबल काट दिया जाता है और शाम ढलते ही यही संविदा कर्मी लोग पांच ध्500 लेकर के फिर जोड़ देते हैं इस तरह से यह है शासन प्रशासन का आदेश जैसा कि शासन के आदेश रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंा विद्युत सप्लाई दी जाएगी किंतु आलम यह है कि विद्यानगर फीडर और मोतीगंज फीडर की बहुत ही लीचड़ व्यवस्था है विद्युत के आने का कोई निश्चित समय नहीं है आएगी भी लो वोल्टेज, ट्रिपिंग , विद्युत कटौती से न्याय पंचायत विद्यानगर ,, बीरेपुर के सभी लोग आम आदमी लोग विद्युत की इस बदहाली से बहुत ही है परेशान। बताते चलें कि एक तो इस समय बरसात का मौसम गर्मी का आलम है उधर विद्युत विभाग कर्मियों का यह है मेहरबानी मोतीगंज बाजार के सम्मानित व्यवसाय ज्वेलरी विक्रेता



प्रमोद सोनी ने बताया कि दिन के उजाले में बकायेदारों की केबल काट दी जाती है और लाइनमैन के द्वारा शाम ढलते ही पैसे लेकर जोड़ दिया जाता है ।इस तरह से आम जनता के साथ विद्युत कर्मचारी लोग खुलेआम कर रहे हैं नंगा नाच। विद्युत की समस्याओं से जूझते हुए न्याय पंचायत विद्या नगर के उपभोक्ता गण तुम नाथ पांडे संतोष पांडे, सुरेंद्र सिंह , जितेंद्र सिंहआदि लोगों ने व रामसागर मोरिया इसी क्रम में गुड्डू जयसवाल ,रेसर मास्टर ,बाबा गुप्ता मोतीगंज व न्याय पंचायत वीरेपुर के दद्दन सिंह ,,ग्राम प्रधान डॉक्टर रघुराज वर्मा लोगों ने बिजली विभाग की इस प्रकार हरकतों से परेशान हैं दूसरे तरह बताते चलें कि विद्युत के समय से ना आने से बार–बार रात में ट्रिपलिंग करने से हरना टायर के प्रधान अमरनाथ तिवारी ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की गई है फिर भी अभी तक विद्युत सप्लाई में सुधार नहीं हो रहा है आम जनता का मांग है की माननीय सांसद कीर्तिवर्धन गोंडा से निवेदन है कि विद्युत की इस समस्या का समाधान कराने में अपना बहुमूल्य समय जनता के लिए भी दें।

# गोंडा उत्तर प्रदेश के 03/9/2021, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोंडा दौरा

अवध की आवाज ब्यूरो

गोंडा। 03/9/2021 दोपहर 3:30 बजे हेलीकॉप्टर से उमरी बेगमगंज के बाबा मठ पहुचेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ.दोपहर 3:40 बजे बाढ़ राहत केंद्र बरौली में बाढ़ पीड़ितों को वितरण करेंगे राहत सामग्री सीएम योगी बरौली बाढ़ राहत करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ शाम 4:30 बजे तरबगंज गोंडा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे हवाई सर्वेक्षण दोपहर 4:10 बजे गोंडा से बलरामपुर के लिए रवाना होंगे सीएम योगी आदित्यनाथ गोंडा. जिले के आला अधिकारी सीएम योगी के दौरे के दौरान रहेंगे



केंद्र का सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे निरीक्षण। इस प्रकार बाढ़ से प्रभावित लोगों से मुलाकात करेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ दोपहर 4:15 बजे गोंडा में मीडिया से संवाद मौजूद। माननीय मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना पर जिले की पूरी पुलिस सतर्क हर चौराहे हर नाके पर पुलिस कोई एक्शन में चप्पे–चप्पे पर प्रशासन सख्त।

# जिलाधिकारी ने किया अस्पताल का निरीक्षण दिए दिशा निर्देश

अवध की आवाज

उरई (जालौन) जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कोविड–19 की तीसरी लहर की आशंका के बीच



आज जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया साथ ही कोविड–19 लेवल 1 वार्ड व डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑक्सीजन प्लांट से वार्डों में सीधी ऑक्सीजन पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्यदाई संस्था के अंकित शुक्ला ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट से 5 सौ लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन गैस का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ऑक्सीजन प्लांट पर 2 हजार ऑक्सीजन का स्टोरेज भी किया जाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर से पहले ऑक्सीजन आपूर्ति की सारी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में 4 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन की जनपद में कोई कमी नहीं है आवश्यकता पड़ने पर और ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील किए जाएंगे। उन्होंने कोविड लेवल 1 वार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत डेंगू वार्ड में टूटी खिड़की देख नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि टूटी खिड़कियों से ही मच्छर आने की संभावना है इसे तुरंत ही सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्डों में रंगाई पुताई व साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डेंगू के लिए सभी सुविधाएं दवाइयां औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें किसी भी प्रकार की जनपद में समस्या न आने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस अजय सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पूरे प्रदेश में पांच सितंबर से स्वच्छता–सेनेटाइजेशन का वृहद अभियान शुरू किया जाए। जिलों के लिए नामित नोडल अधिकारी तत्काल जिम्मेदारी संभाल लें। यह अधिकारी बाढ़, अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की भी मॉनिटरिंग करें। सात सितंबर से आशा, संगिनी, आंगनबाड़ी सहित सभी संबंधित कर्मियों के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी सर्विलांस किया जाए। स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर बुखार से पीड़ित, कोविड के लक्षण वाले लोगों की पहचान करें। 45 वर्ष से अधिक आयु के जिन लोगों ने अब तक कोविड वैक्सीन की एक भी डोज न ली हो, उनकी सूची बनाई जाए। उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# पहले हजार दिन की सही देखभाल, जीवन बनाये खुशहाल रू डॉ. पियाली

अवध की आवाज

लखनऊ। हर माँ व परिवार की यही चाहत होती है कि उनके आंगन में एक स्वस्थ बच्चे की किलकारी गूंजे । उनकी इस चाहत को साकार करने की चाबी उनके ही हाथों में है । इसके लिए जरूरी है कि बच्चे के शुरू के सुनहरे हजार दिन (गर्भ के 270 दिन और पहले दो साल के 730 दिन) को सही देखभाल व पोषण से इतनी मजबूती प्रदान कर दें कि वह उनके पूरे जीवन चक्र की शक्ति बनकर उनकी रक्षा कर सके । इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले गर्भवती के पोषण का खास ख्याल रखें ताकि वह एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सके । एसजीपीजीआई की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पियाली भट्टाचार्य का कहना है कि किसी भी बच्चे के पहले हजार दिन की सही देखभाल और पोषण ही उसके जीवन की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं । इन दिनों में बच्चे का तेजी से शारीरिक व मानसिक विकास होता है । इतना ही नहीं यह



समय मस्तिष्क के तीव्र विकास का भी होता है, इसलिए सही पोषण इसमें भी महत्वपूर्ण पहलू निभाता है । इस दौरान उचित स्वास्थ्य, पर्याप्त पोषण, प्यार भरा व तनावमुक्त माहौल और सही देखभाल बच्चे के विकास में मददगार बनते हैं । इसीलिए इस समय माँ–बच्चे के सही पोषण और खास देखभाल की जरूरत होती है । इसके लिए जरूरी है कि गर्भवती रोजाना संतुलित और पोषक आहार का सेवन करें। दूध, तेल या घी व आयोडीन युक्त नमक का इस्तेमाल करें । आईएफए की एक लाल गोली रोजाना, चौथे महीने से 180 दिन तक और कैल्शियम की निर्धारित खुराक लें । इसके अलावा एक अल्बेंडाजोल की गोली दूसरी तिमाही में लें । स्वच्छ पेयजल का ही इस्तेमाल करें। प्रसव पूर्व चार जांच अवश्य कराएँ ताकि कोई कमी हो तो उसे समय से दूर किया जा सके । संस्थागत प्रसव ही कराएँ क्योंकि इसी में माँ–बच्चे की पूर्ण सुरक्षा निहित है । व्यक्तिगत साफ–सफाई व स्वच्छता का ख्याल रखें । खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथों को अच्छी तरह से साबुन–पानी से अवश्य धुलें व हमेशा शौचालय का ही इस्तेमाल करें । प्रसव के बाद धात्री महिलाएं भी इन बातों का ख्याल रखें । नवजात को कराएँ स्तनपान ताकि बनी रहे मुस्कान जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जरूर कराएँ क्योंकि माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध बच्चे का पहला टीका होता है । शिशु को शुरू के छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पिलायें क्योंकि बाहरी कुछ भी चीज देने से संक्रमण का खतरा रहता है । बच्चे को जरूरी टीके भी अवश्य लगवाएं । मां अपने साथ बच्चे की विशेष स्वच्छता का ध्यान रखें । बच्चे के शौच का निपटान हमेशा शौचालय में ही करें । छह माह पूरे होने पर स्तनपान के साथ मसला हुआ और गाढ़ा पौष्टिक ऊपरी आहार देना शुरू करें, जिसमें दूध, तेल या घी और आयोडीन युक्त नमक का इस्तेमाल करें ।

# नारी शक्ति एक नई पहल संस्थान सिंगरौली सदस्यों की हुई बैठक

अवध की आवाज

सिंगरौली। बीते दिवस शुक्रवार को 3 सितंबर नारी शक्ति एक नई पहल संस्थान सिंगरौली इकाई की पदाधिकारियों एवं सदस्यों की जिला बैठक डिग्री कॉलेज रोड आई एफ डब्ल्यू जे के कार्यालय में एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता संस्थान जिला अध्यक्ष डीडी मिश्रा ने की इस बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर अजय द्विवेदी विनोद सिंह अमित पांडे सुषमा वर्मा साधना मिश्रा बद्री सहित अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया बता दें कि यह बैठक नारी शक्ति एक नई पहल संस्थान के अध्यक्षा सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट नूपुर धमीजा के निर्देशन में की गई जहां इस बैठक में संगठन के विस्तार, संगठन के जिला कार्यालय एवं राष्ट्रीय संगठन अध्यक्ष द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर संगठन को आगे ले जाने हेतु चर्चाएं की गई जिसमें संगठन के सदस्य और पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बातें रखें जहां डॉक्टर डीडी मिश्रा ने अपनी बातें रखते हुए कहां की यह संस्था महिलाओं के क्षेत्र में अनेक उत्थान में कार्य करती है सोशल वंचित पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में इसकी अहम भूमिका रहती है और इसकी अध्यक्षा नूपुर धमीजा का सदैव मार्गदर्शन मिलता रहा है जो खुद भी इस दिशा में कार्य करती रहती है वही अन्य सदस्यों



ने भी अपने स्तर से इस संबंध में अपने अपने विचार रखें जहां कोऑर्डिनेटर अजय द्विवेदी ने कहा की यह संस्था महिलाओं के क्षेत्र में उन को न्याय दिलाने की दिशा में प्रमुख रूप से काम करती है और यह संस्थान आज देश ही नहीं विदेशों में भी नाम कमा रहा है वही विनोद सिंह ने भी अपनी बातें रखते हुए कार्यालय खोलने की चर्चा की और उसकी रूपरेखा पर कार्य करने की बात कही संगठन सदस्य सुषमा वर्मा द्वारा सुझाव आया कि संगठन में कम ही सदस्य हो लेकिन उनके विषय में सही जानकारी लेकर ही सदस्यों को जोड़ा जाए और वे संस्थान के साथ निरंतर बने रहे बैठक में नवीन कार्यालय के संबंध में विचार सभी सदस्यों द्वारा दिया गया जहां आगामी 7 सितंबर को सायं 500 बजे नवीन स्थल पर जाकर नए कार्यालय का निरीक्षण व बैठक सुनिश्चित करने का बैठक में विचार किया गया और वही अमित पांडे द्वारा सुझाव दिया गया कि हर माह एक बैठक अवश्य होनी चाहिए।

पेज 1 का शेष

महापौर संयुक्ता भाटिया ने आगे कहा कि नगर निगम में अपनी क्षवि को बदल कर कार्य करने वाली छवि को उभारा है। हमारे कर्मियों की मेहनत का भी परिणाम है कि लखनऊ ने कोरोना की पहली और दूसरी लहर पर विजय प्राप्त की। सभी कर्मियों ने अपनी मेहनत से यह बता दिया कि सेवा ही हमारे नगर निगम का मूलमंत्र है। आज आपको सम्मानित करके मैं स्वयं गौरवान्वित हो रही हूं। महापौर ने आगे कहा कि विवेकानंद जी कहते है कि मनुष्यों की सेवा प्रभु की सेवा होती है और कोरोना में अतुलनीय कार्य लखनऊ वासियो की सेवा करके आपने यह सिद्ध कर दिया कि आपने प्रभु की सेवा की है। आप अपनी जान की परवाह किये बिना ही जहाँ लोग जाने से कतराते थे उन संक्रमित परिवारों एवं मोहल्लों से कूड़ा उठाया, सैनिटाइजेशन का कार्य किया, रेड जोन में उन परिवारों के यहाँ से भी कूड़ा उठाया जहां स्वयं उनके परिवार के लोग ही नहीं जाते थे, निश्चित रूप से नगर निगम कर्मी बधाई एवं प्रशंसा के पात्र है। ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले आप सभी कोरोना योद्धाओं को बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद जताती हूँ। महापौर ने आगे कहा कि कोरोना माहमारी में कार्य करने वाले समस्त नगर निगम कर्मचारियों का सम्मान उनके जोन स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर किया जाएगा। इस दौरान महापौर संयुक्ता भाटिया संग कार्यकारिणी उपाध्यक्ष श्री रजनीश गुप्ता, मा. पार्षद श्री अमित चौधरी, अपर नगर आयुक्त श्री अमित कुमार, प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान श्री अशोक सिंह एवं कर्मचारी प्रतिनिधि श्री शशि कुमार मिश्र, श्री राम अचल, श्री कैसर रजा, श्री नरेश बाल्मीकि, श्री सुनील धानुक इत्यादि उपस्थित रहे।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। जाजमऊ चौकी क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 3/9/2021 को DCM UP41AT 8010 पीछे से किसी अज्ञात वाहन में समय करीब 6:00 बजे कनोडिया पेट्रोल पंप के पास में एक्सीडेंट हो गया जिसमें क्लीनर विशाल रावत पुत्र रंजीत कुमार निवासी बिरसिंहपुर थाना कला रामपुर जनपद सीतापुर उम्र 20 की मृत्यु हो गई उपरोक्त वाहन को हाइड्रा की मदद से कनोडिया पेट्रोल पंप पर खड़ा कराया गया यातायात सुचारू रूप से चल रहा है आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शांत निर्देशक हैं साकेत चौधरी : निखिल द्विवेदी

मुंबई, (वेब वार्ता)। नेटफ्लिक्स एंथोलॉजी अनकही कहानियां में नजर आने वाले अभिनेता और निर्माता निखिल द्विवेदी का कहना है कि निर्देशक साकेत चौधरी सेट पर शांत रहते हैं। निखिल ने साकेत द्वारा निर्देशित और उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, मुझे लगता है कि साकेत के बारे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह जानते है उन्हें वास्तव में क्या चाहिए और वह एक बहुत ही शांत निर्देशक है। एक व्यक्ति के रूप में, वह इतने शांत है, कि कभी–कभी यह दुख का अनुभव कराता है। आपको हमेशा लगता है कि उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मुझे लगता है कि वह केवल तभी प्रतिक्रिया देंगे जब चीजें उसके अनुसार



नहीं चल रही हों। मैं यह मानना चाहूंगा कि मेरे सहित सभी अभिनेता, किसी न किसी रूप में, उसे वह दे सकते हैं जो वह चाहते थे। स्क्रीन पर और इसलिए वह इतने शांत और रचित थे या शायद यही उनका स्वभाव है। लेकिन उनके लिए यह गलत नहीं समझा जाना चाहिए कि वह वास्तव में क्या चाहता है, वह शुरू से ही बहुत स्पष्ट है, कि यही अपेक्षित है। उनके साथ काम करना अद्भुत था। अनकही कहानी आरएसवीपी मूवीज द्वारा निर्मित और तीन निर्देशकों, अश्विनी अय्यर तिवारी, अभिषेक चौबे और साकेत चौधरी द्वारा निर्देशित है, जिसमें कलाकारों की टुकड़ी में अभिषेक बनर्जी, रिंकू महादेव, राजगुरु, डेलजाद हिवाले, कुणाल कपूर, जोया हुसैन, निखिल द्विवेदी और पालोमी शामिल है। यह नेटफ्लिक्स पर 17 सितंबर को रिलीज होगी।

# ड्रग्स मामला : ईडी के सामने पेश हुई रकुल प्रीत

हैदराबाद, (वेब वार्ता)। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह शुक्रवार को चार साल पुराने ड्रग मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। वह निर्धारित समय से एक घंटे पहले सुबह करीब 9.10 बजे ईडी कार्यालय पहुंचीं। ईडी ने रकुल को छह सितंबर को पूछताछ के लिए तलब किया था लेकिन उसने अपने व्यस्त शूटिंग कार्यक्रम का हवाला देते हुए और समय मांगा था। हालांकि, एजेंसी ने पूछताछ स्थगित करने से इनकार कर दिया और उसे निर्धारित समय से तीन दिन पहले पेश होने को कहा। वह तीसरी टॉलीवुड हस्ती हैं जिनसे ईडी पूछताछ कर रही है। निर्देशक पुरी जगन्नाथ से मंगलवार को करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गई, जबकि अभिनेत्री चार्मी कौर से गुरुवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की गई। ईडी के अधिकारी फिल्मी हस्तियों से ड्रग्स मामले में शामिल लोगों के साथ वित्तीय लेनदेन के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। पुरी और चार्मी दोनों से कथित तौर पर मामले के मुख्य आरोपी केल्विन मस्कारेनहास के साथ संदिग्ध संबंधों के बारे में पूछताछ की



गई थी। ईडी ने पिछले हफ्ते टॉलीवुड से जुड़े 10 लोगों और एक निजी क्लब मैनेजर सहित दो अन्य को ड्रग्स रैकेट से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत नोटिस जारी किया था। अभिनेता रकुल प्रीत सिंह, राणा दग्गुबाती, रवि तेजा, चार्मी कौर, नवदीप, मुमैथ खान और निर्देशक पुरी जगन्नाथ को 31 अगस्त से 22 सितंबर के बीच ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। तनिश, नंदू, अभिनेता रवि तेजा के ड्राइवर श्रीनिवास भी ड्रग्स रैकेट के सिलसिले में तलब किए गए लोगों में शामिल हैं, जिसका भंडाफोड़ 2017 में ड्रग पेडलर्स की गिरफ्तारी के साथ हुआ था। रकुल प्रीत सिंह और राणा उन टॉलीवुड हस्तियों में शामिल नहीं थे, जिनसे तेलंगाना के शराबबंदी और उत्पाद शुल्क विभाग के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूछताछ की थी। ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ 2 जुलाई, 2017 को हुआ था, जब सीमा शुल्क अधिकारियों ने संगीतकार केल्विन मस्कारेनहास और दो अन्य को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से 30 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की थी। उन्होंने कथित तौर पर जांचकर्ताओं को बताया था कि वे फिल्मी हस्तियों, सॉफ्टवेयर इंजीनियरों और यहां तक कि कुछ कॉर्पोरेट स्कूलों के छात्रों को ड्रग्स की आपूर्ति कर रहे हैं। कुछ टॉलीवुड हस्तियों के मोबाइल नंबर कथित तौर पर उनकी संपर्क सूची में पाए गए थे।

# जी कॉमेडी शो में विशेष अतिथि होंगे राजपाल यादव

मुंबई, (वेब वार्ता)। मशहूर अभिनेता और कॉमेडियन राजपाल यादव लोकप्रिय टेलीविजन कार्यक्रम जी कॉमेडी शो में विशेष अतिथि के रूप में नजर आएंगे। हंगामा 2 के अभिनेता इस सप्ताह के अंत में एक एपिसोड में विशेष अतिथि के रूप में दिखाई देंगे। उसी के बारे में बात करते हुए, राजपाल ने कहा, जी कॉमेडी शो में मेरा एक शानदार समय रहा, यह सच में एक अलग अनुभव था। वास्तव में, कई वर्षों में पहली बार, मेरी आंखों में खुशी के आंसू थे। फराह मैम भी वहां थी। कुल मिलाकर यह एक अद्भुत अनुभव था। आगामी एपिसोड में, गौरव दुबे, अली असगर और सिद्धार्थ सागर 2007 की हॉरर–कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया पर एक स्पूफ एक्ट करते नजर आएंगे, जिसमें राजपाल ने एक कॉमिक भूमिका में यादगार प्रदर्शन दिया था। स्पूफ एक्ट देखने के बाद, राजपाल ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक कॉमेडी एक्ट मुझे अपने पूरे जीवन में खुशी के आंसू देगा, लेकिन सिद्धार्थ सागर, अली असगर और गौरव दुबे की भूल भुलिया स्पूफ ने वास्तव में मुझे हंसाया। सिर्फ वहीं नहीं अन्य सभी लोगों ने भी बहुत अच्छा काम किया और मैंने शो में बहुत अच्छा समय बिताया।



# साबरी ब्रदर्स की अगली कव्वाली में नजर आएंगी सारा खान, मधणाल जैन


मुंबई, (वेब वार्ता)। टेलीविजन अभिनेता सारा खान और मशणाल जैन कव्वाली जोड़ी द साबरी ब्रदर्स द्वारा गाए गए अजमेर की गली नामक एक संगीत वीडियो में नजर आने वाली है। गीत रूपेश दुबे द्वारा लिखे गए हैं जिन्हें छना के नाम से भी जाना जाता है। यह राहत काजमी द्वारा निर्देशित है और इसे अजमेर के विभिन्न हिस्सों में शूट किया जाएगा, जिसमें बहुत ही प्रतिष्ठित अजमेर दरगाह भी शामिल है। काजमी ने कहा कि अजमेर समश्द्ध इतिहास और महान आध्यात्मिक महत्व वाला एक सुंदर शहर है लेकिन दुर्भाग्य से इसके बारे में बहुत कम बात की जाती है। उन्होंने कहा कि अजमेर की गली गीत से साथ नजर आएंगी। दोनों एक्टर इसे शूट करने के लिए बहुत उत्साहित है, खासकर अजमेर में। साबरी ब्रदर्स ने इस गाने के लिए अपनी आवाज दी है, जो बॉलीवुड में



हम दुनिया का ध्यान अजमेर की खूबसूरत सड़कों पर लाने और आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में अधिक बताने की कोशिश कर रहे हैं। निमार्ता अजरा सैयद ने साझा किया कि सारा खान और मशणाल जैन एक नई जोड़ी हैं और पहली बार एक शाहरुख खान–स्टारर मैं हूं ना के गाने तुमसे मिल के दिल का है जो हाल के लिए जाना जाते है। अजमेर की गली ग्लिट्ज टेलीप्ले के बैनर तले अजरा सैयद, आशिक खान, सौरभ दुबे, करण राजोरा, बच्चन तोमर और हबीब शेख द्वारा निर्मित है। गाना सितंबर में गाना रिलीज होगा।

# पंजाबी रैपर सिद्धू मूसे वाला ने रिलीज किया नया गाना जेलान

मुंबई, (वेब वार्ता)। मशहूर पंजाबी गायक–रैपर–गीतकार सिद्धू मूसे वाला फिल्म मूसा जट्ट से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म जेलान का पहला गाना अब रिलीज हो गया है। इस गाने को सिद्धू मूसे वाला ने लिखा, कंपोज और गाया है और म्यूजिक द किड ने दिया है। गीत टाइम्स म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इस गाने के बारे में बात करते हुए, सिद्धू ने कहा, मूसा जट्ट मेरी पहली फिल्म है और मैं इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं जिससे मैं इतने लंबे समय से जुड़ा हूं। मूसा जट्ट का म्यूजिक एल्बम भी बहुत खास है। और मैं वास्तव में खुश हूं। यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि दर्शकों को पूरा एल्बम और फिल्म कैसी लगती है। सिद्धू को सो हाई, बंबिहा बोले जैसे गानों के लिए जाना जाता है और उनका पहला एल्बम पीबीएक्स 1 बिलबोर्ड




कनाडाई एल्बम चार्ट पर 66वें स्थान पर है। जेलान गाना टाइम्स म्यूजिक के यूट्यूब चौनल पर रिलीज हुआ है। फिल्म मूसा जट्ट अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रिलायंस और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स हुआ ५८ हजार के पार

मुंबई, (वेब वार्ता)। बैंकिंग समूह और देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुयी लिवाली के बल पर सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया और इस दौरान लिवाली के बल पर बीएसई का सेंसेक्स 58 हजार अंक के स्तर को पहली बार पार करते हुये 58115.69 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 17300 अंक के स्तर को पार करते हुये 17311.95 अंक के अब तक के सर्वकालिक उच्चतम सतर पर पहुंच गया। सेंसेक्स लिवाली के बल पर 131 अंकों की बढ़त के साथ 57983.45 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 58115.69 अंक के अब तक रिकार्ड स्तर पर पहुंचा। हालांकि इसी दौरान बिकवाली शुरू हो गयी जिससे यह 57836.33 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अभी यह 89.87 अंकों की बढ़त के साथ 57942.41 अंक पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी भी लिवाली के बल पर 28 अंकों की बढ़त के साथ 17262.45 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 17311.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 17230.20 अंक के निचले स्तर तक फिसला। अभी यह 25.10 अंक चढ़कर 17259.25 अंक पर कारोबार कर रहा है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें तथावत

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। अंतर्रष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में उछाल आने के बावजूद आज दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। बुधवार को इन दोनों की कीमतों में सात दिनों के बाद 15–15 पैसे प्रति लीटर की कमी की गयी थी। दिल्ली में आज इंडियन ऑयल के पंप पर पेट्रोल जहां 101.34 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 88.77 रुपये प्रति लीटर पर रहा। तेल




विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 101.34 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 88.77 रुपये प्रति लीटर पर रहा।अमेरिकी के तेल भंडार में कमी आने के आंकड़े जारी होने के बाद कल अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमतों में जबदस्त तेजी देखी गयी थी। कल अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेट क्रुड 1.32 डॉलर प्रति बैरल चढ़कर 73.01 डॉलर प्रति बैरल पर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.40 डॉलर प्रति बैरल बढ़कर 69.99 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। पेट्रोल–डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नई कीमतें लागू की जाती हैं।

# मोदी सरकार रोजगार के लिए हानिकारक है: राहुल

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार रोजगार के लिए हानिकारक है क्योंकि वह लोगों की नौकरियां छीनने में लगी है। उन्होंने 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' (सीएमआईई) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्वीट किया, ''मोदी सरकार रोजगार के लिए हानिकारक है। वे किसी भी प्रकार के 'मित्रहीन' व्यवसाय या रोजगार को बढ़ावा या सहारा नहीं देते बल्कि जिनके पास नौकरी है उसे भी छीनने में लगे हैं। देशवासियों से आत्मनिर्भरता का ढोंग अपेक्षित है। जनहित में जारी। गौरतलब है कि सीएमआईई की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि गत अगस्त महीने में औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों से करीब 15 लाख से अधिक लोग बेरोजगार हो गए हैं।



# एसिड अटैक सर्वाइवर की जान बचाने में दीपिका ने दिया योगदान

आगरा, (वेब वार्ता)। एसिड अटैक सर्वाइवर बाला को जिंदगी के लिए संघर्ष करते हुए एक नई उम्मीद मिली है क्योंकि स्टार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने उनकी जान बचाने के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। एसिड अटैक



सर्वाइवर किडनी की जानलेवा बीमारी से पीड़ित है। उन्हें जीवित रहने के लिए तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत है। यह बात दीपिका तक पहुंचने के बाद, उन्होंने बाला बचाओ अभियान के लिए 10,00,000 रुपये का दान दिया। बाला एक वास्तविक जीवन की स्टार हैं, जिन्हें द कपिल शर्म शो में प्रदर्शित होने के अलावा, मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित दीपिका पादुकोण–स्टारर फिल्म छपाक में भी दिखाया गया था। उसकी दोनों किडनी फेल होने के कारण उसकी हालत दिन–ब–दिन बिगड़ती जा रही है और वह किसी तरह डायलिसिस पर जी रही है। एसिड अटैक सर्वाइवर होने के कारण उनकी कमजोर इम्युनिटी पहले से ही उनके जीवन के लिए खतरा है। बाला को अभी भी इस त्रासदी से बाहर आने के लिए और ज्यादा आर्थिक मदद की आवश्यकता है और इसलिए छांव फाउंडेशन जितना संभव हो उतना समर्थन मांग रहा है। क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म मिलाप पर सेव बाला नाम का फंडरेजिंग कैंपेन शुरू किया गया है।

# सेहत

## वर्कलोड के साथ भी रहें सेहतमंद

लंबे–लंबे काम के घंटे, घंटों बैठकर या खड़े रहकर काम करने की मजबूरी, काम की अधिकता, खाने का अनिश्चित समय इन सबके बीच एक सेहतमंद रह पाने की कल्पना कर पाना भी शायद मुश्किल है। लेकिन क्या आपको पता है कि छोटे–छोटे प्रयासों और बदलावों के जरिए आप वर्कलोड के साथ भी अपनी सेहत को बरकरार रख सकते हैं। डेस्क पर काम करने वाले या नाइट ड्यूटी करने वाले लोग अक्सर यह शिकायत करते हुए मिल जाते हैं कि उन्हें अपनी फिटनेस पर ध्यान देने का वक्त नहीं मिल पाता। इन सबके बीच लोग सेहत की अनदेखी करते हैं और कई तरह की समस्याओं से घिरे रहते हैं। इस स्थिति को बदल पाना तो थोड़ा मुश्किल है लेकिन कैसा हो यदि इस स्थिति में रहते हुए भी फिट रहने के सरल रास्ते निकाल लिए जाएं।

डेस्क पर बैठे–बैठे

कॉफी की जगह ग्रीन टी:– दफ्तर में आपने चाय या कॉफी का जो भी समय तय कर रखा है तो उस समय कैफीन के डोज का ताजगी देने वाली ग्रीन टी से रिप्लेस कर देना सेहतमंद विकल्प होगा। ग्रीन टी में ईजीसीजी नामक केमिकल होता है, जो कोल्ड की स्थिति में मददगार होता है। यह कैलोरी और कैफीन फ्री होती है इसलिए इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और बॉडी फैट को कम करने में मदद मिलती है।

हेल्दी स्नैक्स:– भोजन करने के कुछ समय बाद स्नैक्स जैसा खाने की इच्छा हो रही हो तो नट्स या सेब जैसे हेल्दी चीजें खाएं।

छोटा–सा आईना:– अपनी डेस्क पर एक छोटा–सा आईना रखें इससे जब भी आप डेस्क पर बैठे–बैठे कुछ अनहेल्दी खा रहे हों तो अगली बार उस पर विचार जरूर करेंगे।

फलों का कटोरा:– शोधों में यह बात सामने आई है कि यदि मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति खाना खाने से पहले फलों या फूलों की खुशबू सूंघ लेते हैं तो उनकी भूख कम हो जाती है, कुछ ऐसा ही प्रयोग दफ्तर में भी किया जा सकता है। अपनी डेस्क पर सेब और केले रखें इससे कुछ मीठा या अनहेल्दी खाने की तलब कम होगी।

थोड़ा–सा प्रयास बर्न करेगा फैट

गाड़ी पार्क करें थोड़ी दूर पर:– हर काम के लिए बाइक या कार पर चलना मोटापे को बढ़ाने का काम तो करते ही हैं, यदि इसमें थोड़ी बहुत कटौती कर दी जाए तो हर दिन थोड़ी मात्रा में फैट बर्न किया जा सकता है। यूं तो दफ्तर जाने के लिए साइकल की सवारी कर सकते हैं लेकिन यह असुविधाजनक हो सकता है। इसकी बजाय कार या बाइक को अपने दफ्तर से कुछ दूर पार्किंग एरिया में पार्क करें, इससे आपको हर दिन थोड़ा पैदल चलने का मौका मिलेगा और फिटनेस बनी रहेगी। यदि दफ्तर घर से कम दूरी पर हो तो हफ्ते में एक या दो दिन पैदल ही जाएं।

सीढ़ियों से जाएं:– यदि पैदल जाना आपके लिए संभव ना हो तो ऑफिस में लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का प्रयोग करें इससे अतिरिक्त फैट बर्न कर पाएंगे।

हर 45 मिनट पर ब्रेक:– लंबे समय तक बैठे रहने से ना केवल पेट के आस–पास चर्बी जमा होने की समस्या हो जाती है बल्कि बैक से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इससे बचने का सबसे सरल उपाय है कि हर 45 मिनट पर 15 मिनट का ब्रेक लें। यह आपके शारीरिक और मानसिक दोनों ही प्रकार की सेहत के लिए अच्छा है। खड़े होने और बैठे रहने के दौरान अपने पोश्चर का भी पूरा ध्यान रखें।

# किसान संगठनों के 25 सितंबर को 'भारत बंद' का वाम दलों ने किया समर्थन

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से किए गए, 25 सितंबर को ''भारत बंद'' के आह्वान का वामपंथी दलों ने समर्थन करने की घोषणा की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), फॉरवर्ड ब्लॉक और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) की ओर से बश्हस्पतिवार को जारी एक संयुक्त बयान में लोगों से भारत बंद का समर्थन करने की अपील की गई है। बयान में रेखांकित किया गया है कि तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने की मांग को लेकर किसानों का संघर्ष 10 माह से जारी है। वामपंथी दलों ने कहा, ''नरेंद्र मोदी सरकार अड़ी हुई है और वार्ता के जरिए किसानों से संवाद करने से मना कर रही है। वामपंथी दल सरकार के इस रुख की निंदा करते हैं और तीनों कृषि कानूनों को तत्काल वापस लेने और एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की मांग करते हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन को समाप्त किया जाए और श्रम संहिताओं को खत्म किया जाए। बयान में कहा गया है, ''वामपंथी दल अपनी सभी इकाइयों से भारत बंद की सफलता के लिए सक्रियता से काम करने का आह्वान करते हैं। वामपंथी दल लोगों से भी भारत बंद का समर्थन करने की अपील करते हैं।

# मुख्य सतर्कता अधिकारियों के पास २०० से अधिक शिकायतें लंबित : सीवीसी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा है कि 31 दिसंबर 2020 तक मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के पास सरकार के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार संबंधी कुल 219 शिकायतें जांच के लिए लंबित थीं जिनमें 105 शिकायतें तीन साल से अधिक समय से लंबित थीं। आयोग ने कहा कि आयोग की दुरस्थ शाखा के तौर पर काम करने वाले सीवीओ से अपेक्षा होती है कि वे किसी सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार को रोकेंगे और इसके बाद आदर्श स्थिति में तीन महीने के अंदर या इसके बाद जितना जल्द संभव हो, जांच को समाप्त करेंगे। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2020 के अनुसार, ''आयोग द्वारा जांच के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारियों को भेजी गई ऐसी शिकायतों के संदर्भ में साल 2020 के अंत में 219 मामलों में रिपोर्ट लंबित थीं जिनमें से 58 शिकायतें एक साल से लंबित थीं, 56 शिकायतें एक से तीन साल की अवधि से लंबित थीं और 105 तीन साल से अधिक समय से लंबित थीं। रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे ज्यादा 22–22 शिकायतें दिल्ली सरकार, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग और प्रारंभिक शिक्षा तथा साक्षरता विभाग के पास लंबित थीं। दिल्ली सरकार के पास लंबित शिकायतों में आठ शिकायतें तीन साल से ज्यादा लंबित थीं, नौ शिकायतें एक से तीन साल से लंबित मिलीं तथा पांच शिकायतें एक साल से लंबित थीं। इसमें कहा गया कि माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग तथा प्रारंभिक शिक्षा तथा साक्षरता विभाग में तीन साल से अधिक समय से 14 शिकायतों में जांच और रिपोर्ट लंबित थीं। इनमें सात शिकायतें एक से तीन साल से तथा एक शिकायत एक साल से लंबित थीं। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2020 संसद के हाल में संपन्न मानसूस सत्र में पेश की गई थी और मंगलवार को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई। रिपोर्ट के अनुसार सीवीसी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सीवीओ को भेजी गई कुल 14 शिकायतों में पड़ताल लंबित थी। इनमें से चार शिकायतें तीन साल से अधिक समय से, छह शिकायतें एक से तीन साल की अवधि से और चार शिकायतें एक साल से लंबित थीं।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com

R.N.I.- UPHIN/2012/45127

नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।